आई0जी0आर0एस0 सं0 15157220188944

प्रेषक,

संयुक्त निदेशक
मातृ एवं शिशु कल्याण
परिवार कल्याण महानिदेशालय
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

उपसचिव
उ0प्र0 शासन
चिकित्सा अनुभाग–9

पत्रांक–मा0शि0क0 / जे0एस0वाई0 / आई0जी0आर0एस0 / 2022–23 / 4290 दिनांक–7 दिसम्बर 2022

विषय–महिला स्वास्थ्य सुरक्षा एवं महिला स्वावलंबन हेतु जागरुकता अभियान चलाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अध्यक्ष, प्रकाश एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट, लखनऊ के दिनांकरहित पत्र जो शासन के पत्र सं0 2309 / पॉच–9--2022 दिनांक 14 नवम्बर 2022 के साथ संलग्न कर इस कार्यालय को पराक्षणोपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि महिलाओ / किशोरियों की महावारी स्वच्छता प्रबन्धन हेतु राजकीय क्षेत्र(स्वास्थ्य इकाईयॉ एवं विद्यालय) में विभिन्न कार्यक्रम पूर्व से ही संचालित है–

1. छाया वी0एच0एन0डी0(ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में 1000 की जनसंख्या तथा शहरी क्षेत्र में प्रति 2500(200–400 परिवार)की जनसंख्या पर माह में एक बार बुधवार या शनिवार को किया जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा सामुदाय के हर व्यक्ति विशेषकर कमजोर वर्गो तक स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण सेवाओं की पहुँच बनाने के लिए छाया वी0एच0एन0डी0 दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रथम पंक्ति कार्यकर्ताओ(आशा, ऑगनवाड़ी एवं ए0एन0एम0) द्वारा सेवा प्रदान की जाती है। जिसमें योग्य दम्पत्ति गर्भवती महिलाए, धात्री महिलाये, 0–5 साल तक के बच्चे एवं किशोरी बालिकाओं को मूलभूत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण सम्बन्धी सेवाये दी जाती है।

2- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–जनसमुदाय को व्यापक स्तर पर गुणवत्तापूर्वक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाये प्रदान करने के उद्‌देश्य से सभी ग्रामीण एवं नगरीय उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के रुप में सुदृढीकृत किया जा रहा है जहॉ पर कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर(सी0एच0ओ0) तैनात है जो कि बाल एवं किशोरी स्वास्थ्य, संचारी रोगो का प्रबन्धन एवं गैर संचारी रोगों की स्कीनिंग, सन्दर्भन ,फॉलोअप का कार्य कर रहे है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर सर्वाइकल कैंसर स्कीनिंग एवं रेफेरल का कार्य भी किया जा रहा है।

3- राष्ट्रीय किशोर एवं किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम(आर0के0एस0के0) का कियान्वयन प्रदेश में वर्ष 2014 से किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत 10–19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों को सार्वभौमिक रुप से आच्छादित किया जाता है जिसमें शहरी और ग्रामीण, स्कूल जाने वाले, स्कूल ना जाने वाले, विवाहित और अविवाहित तथा कमजोर / असेवित वर्ग के किशोर / किशोरी सम्मिलित है।

4- किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक(साथिया केन्द्र)–कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 51 जनपद में चयनित जनपदीय चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किशोर / किशोरियो को उपचारात्मक एवं परामर्श सेवायें प्रदान करने के लिए किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक की स्थापना की गई है। वर्ष 2019–20 में समस्त किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक को साथिया केन्द्र ब्रांड नाम एवं नयी पहचान दी गयी है। इन साथिया केन्द्रो पर प्रशिक्षित(ARSH) काउन्सलर द्वारा किशोर / किशोरियों के स्वास्थ्य विषयों पर परामर्श एवं प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा उपचारात्मक सेवाये प्रदान की जा रही है। काउन्सलर द्वारा निकटवर्ती विद्यालय एवं समुदाय में आउटरीच एवं रेफेरल सेवायें भी प्रदान की जा रही है।

5- किशोरी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत कक्षा 6 से 12 तक की सरकारी एवं परीषदीय विद्यालयों में पढने वाली किशोरियो को सैनेटरी नैपकिन वितरित किये जाते है। निर्मला किट के माध्यम से सैनेटरी नैपकिन और पेपर सोप और रैपिंग पेपर वितरित किया जाना प्रस्तावित है।